Rapid Fire करेंट अफेयर्स (8 जनवरी)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-08-01-2019

- लोकसभा ने पारित किया स्वीय विधि (संशोधन) विधेयक यानी The Personal Laws (Amendment) Bill 2018; उपचार योग्य बीमारी की श्रेणी में आने के कारण कुष्ठ को तलाक का आधार बनाने के प्रावधान को समाप्त करने का है प्रस्ताव; इस मुद्दे पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के संकल्प को किया स्वीकार; राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी की थी यह सिफारिश; सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी थे इसके समर्थन में; इस संशोधन के द्वारा विवाह विच्छेद अधिनियम 1869, मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम 1939, विशेष विवाह अधिनियम 1954 तथा हिन्दू दत्तक और भरण पोषण अधिनियम 1956 में संशोधन होगा
- सुप्रीम कोर्ट ने CBI डायरेक्टर आलोक वर्मा को छुट्टी पर भेजने के केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के आदेश को किया निरस्त; दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम की धारा-4(1) के तहत उच्चाधिकार समिति को आलोक वर्मा के मामले में पुनर्विचार करने का दिया आदेश; समिति का फैसला आने तक आलोक वर्मा नहीं ले सकेंगे कोई नीतिगत फैसला; विनीत नारायण मामले का दिया हवाला; दिशा-निर्देश जारी करने का उद्देश्य CBI डायरेक्टर के पद को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रखना
- सरकार ने अगले 4 सालों में 40 उपग्रह प्रक्षेपण वाहनों के विकास के लिये 10,900 करोड़ रुपए की फंडिंग को दी मंज़ूरी; 30 PSLV और 10 GSLV Mk-3 रॉकेट्स को लॉन्च करने के लिये किया जाएगा इस्तेमाल; तीन महीने के भीतर मिशन चंद्रयान लॉन्च करने की तैयारी कर रहा इसरो; अब तक अछूती रही चंद्रमा की सतह पर उतरेगा चंद्रयान; 2022 तक मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान 'गगनयान' की भी चल रही है तैयारियाँ
- केंद्र सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए FM चैनलों को आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले समाचारों के प्रसारण को दी मंज़ूरी; FM चैनल केवल उन्हीं खबरों को शेयर करेंगे जो आकाशवाणी यानी All India Radio से प्रसारित होंगी;. किसी और स्रोत की खबरों का प्रसारण नहीं किया जा सकेगा; FM चैनलों को आकाशवाणी की खबरों के लिये नहीं देना होगा कोई शुल्क, लेकिन इसके लिये उन्हें कराना होगा रजिस्ट्रेशन
- GST परिषद के मंत्री समूह ने केरल को दी एक फीसदी आपदा उपकर (Cess) लगाने की मंज़ूरी; केरल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास के लिये राज्य सरकार GST व्यवस्था के तहत लगाएगी यह सेस; दो साल तक लगा रह सकता है यह सेस; किन वस्तुओं और सेवाओं पर सेस लगेगा, इसका फैसला राज्य सरकार करेगी; GST कानून के तहत किसी प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना के समय अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिये कुछ समय के लिये विशेष टैक्स लगाने का है प्रावधान

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (Airport Authority of India) ने देश के 16 हवाई अड्डों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर लगाई पाबंदी; हवाई यात्रा के दौरान स्ट्रॉ, प्लास्टिक कटलरी और प्लास्टिक प्लेट्स जैसे सामान अब नहीं ले जाए जा सकेंगे; इनमें इंदौर, भोपाल, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, तिरुपति, त्रिची, विजयवाड़ा, देहरादून, चंडीगढ़, वडोदरा, मदुरै, रायपुर, विजाग, पुणे, कोलकाता और वाराणसी हवाई अड्डे शामिल
- शेख हसीना ने चौथी बार ली बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ; राष्ट्रपति अब्दुल हमीद ने उन्हें तथा अन्य मंत्रियों को दिलाई शपथ; 1996 में पहली बार बनी थीं प्रधानमंत्री; 2009 से लगातार हैं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री; 300 सदस्यों वाली जातीय संसद में 96 फीसदी सीटों पर विजयी रही उनकी अवामी लीग पार्टी
- विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष जिम योंग किम ने अपने पद से इस्तीफा देने का किया ऐलान; 2012 से इस पद पर बने हुए हैं किम; 2021 में अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले ही छोड़ देंगे पद; जलवायु परिवर्तन, बीमारियाँ, भुखमरी, शरणार्थी संकट जैसी जटिल समस्याओं के चलते अब और अधिक महत्त्वपूर्ण हो गया है विश्व बैंक समूह का काम
- अमेरिका में बर्फ से ढके सिएरा नेवादा (Sierra Nevada) के क्षेत्र में विश्व की पहली उड़ने वाली लैब का सफल परीक्षण; बोइंग 747SP जेटलाइनर विमान में लगाया गया आठ फीट व्यास वाला 17 टन वज़नी टेलीस्कोप; 12 घंटे तक हवा में रह सकता है यह टेलीस्कोपिक विमान; नासा और जर्मन एयरोस्पेस की इस लैब को दिया गया है Stratospheric Observatory for Infrared Astronomy नाम; सुपरनोवा और धूमकेतु के रहस्यों को समझने में होगी आसानी
- अमेरिका में फिल्म और टीवी के क्षेत्र में दिये जाने वाले गोल्डन ग्लोब अवार्ड का 76 वां संस्करण आयोजित; समारोह का संचालन करने वाली सैन्ड्रा ओह हॉलीवुड के किसी भी शो को होस्ट करने वाली पहली एशियाई बनीं; 'हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन' मनोरंजन जगत में विशेष उपलब्धियों के लिये देशी-विदेशी कलाकारों, फिल्मों को गोल्डन ग्लोब पुरस्कार से नवाज़ता है; फिल्मों और टीवी के क्षेत्र में अलग-अलग विधाओं में हर वर्ष दिये जाते हैं ये अवार्ड